पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना

कार्यालय
महाप्रबंधक /कार्मिक
पिन कोड-273012
दिनांक 30.12.2024

सं० का/254/19/पदोन्नति /प्रबंध / ग्रुप 'डी' /VIII

1.महाप्रबंधक/कार्यालय पू.उ.रे. /गोरखपुर |
2.मुजाधि / कार्यालय / पू.उ.रे. /गोरखपुर |

विषय :- प्रबंध विभाग के अधीन चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी (ग्रुप डी से ग्रुप सी) में 33-1/3% विभागीय पदोन्नति कोटे के अंतर्गत अवर लिपिक सह-टंकक लेवल-02 (ग्रेड पे 1900) के रिक्त पद को चयन के माध्यम से भरने के सम्बन्ध में |

****

प्रबंध विभाग के अधीन लिपिकीय श्रेणी में उच्च ग्रेड की अगले पन्द्रह माह की अनुमानित रिक्तियों सहित 33-1/3% विभागीय पदोन्नति कोटे के अंतर्गत 01 पद (अनारक्षित) को चयन के माध्यम से भरने का निर्णय सक्षम अधिकारी द्वारा लिया गया है | इस चयन हेतु प्रबंध विभाग गोरखपुर के अधीन लेवल-01 (ग्रेड पे 1800) में कार्यरत कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं,जिनकी नियमित सेवा 02 वर्ष पूरी हो चुकी हो | यह शर्त अजा /अजजा वर्ग के कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी|

इस चयन हेतु अन्य शर्ते निम्नलिखित हैं :-

01. प्रश्न पत्र के खण्ड "अ" में हिंदी भाषा में कार्य साधक ज्ञान तथा खण्ड –ब में गणित, सामान्य ज्ञान, मुख्य रूप से रेल संबंधी विषयों तथा उनका रेल सेवा के दौरान परिचालित कार्य संबंधी विषयो पर प्रश्न पूछे जायेंगे |
02. चयन में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय पूछे जायेंगे लिखित परीक्षा 90 मिनट की होगी जिसमें प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट पर देने होंगे, उत्तर हेतु एक ही प्रकार के काले अथवा नीले स्याही वाले पेन का प्रयोग किया जाए | उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार का पहचान चिह्न (जैसे हाईलाइटर, ॐ इत्यादि) नहीं लगाया जाए |
03.रेलवे बोर्ड के पत्र सं० RBEनं० 194/2019 दिनांक 14.11.2019 के अनुसार इस चयन की लिखित परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं होगी|
04. उत्तर पुस्तिका में किसी भी प्रकार की कटिंग व ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी | कटिंग एवं ओवर राइटिंग किये गए प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा |
05. परीक्षा में प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओ में होगा |
06. लिखित परीक्षा में 90 मिनट का एक प्रश्न पत्र होगा|
07. रेलवे बोर्ड के पत्र सं. ई(एन.जी.)I-2003/सी.एफ.पी./2 दिनांक 22.09.2003 के अनुसार चयन लिखित परीक्षा एवं सेवा रिकॉर्ड के आधार पर होगी, जिसमें 100 अंको का लिखित परीक्षा मूल्यांकन पश्चात 85 अंको में समेकित किया जायेगा तथा 15 अंक सेवा अभिलेख के होंगे | प्रश्न पत्र जो दो खण्डों (खण्ड-अ एवं खण्ड-ब) में होंगे | प्रत्येक खण्ड 50-50 अंकों के कुल 100 अंक होंगे, मूल्यांकन पश्चात 42.5-42.5 में समेकित किया जायेगा | अभ्यर्थी को दोनों खण्डों में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा | प्रत्येक खण्ड में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है |
08. आईआरईएम का कोई अन्य प्रावधान या रेलवे बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर, कैडर पद पर चयन के नियम और शर्तों /लागू अन्य शर्तों के सम्बन्ध में इस अधिसूचना में अनजाने में छुट गये हो तो उन्हें वैध और सक्रिय माना जाना चाहिए |
09. चयनित अभ्यर्थियों को पदोन्नति तिथि से दो वर्ष के अंदर हिंदी में 25 शब्द या अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण अर्हता उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा, जिसके लिए उन्हें दो वर्ष के अंदर तीन अवसर प्रदान किया जायेगा | टंकण अर्हता प्राप्त करने तक पदोन्नति अनन्तिम मानी जायेगी |
10.आर.बी.ई.सं.45/2022 के अनुसार निर्धारित समय सीमा में टंकण गति परीक्षा उत्तीर्ण न करने की दशा में कर्मचारी अपने मूल पद पर बनें रहेंगे |
11. कर्मचारी आवेदन पत्र में इस आशय की घोषणा करे कि वे लिखित परीक्षा के क्रम में ही टंकण अर्हता परीक्षा देंगे अथवा चयनित होने के उपरांत दो वर्ष की समय सीमा के अन्दर टंकण अर्हता परीक्षा देंगे|
12. अधूरे एवं त्रुटिपूर्ण तथा सम्बंधित नियंत्रक अधिकारी से बिना अग्रसारित और अग्रिम प्रति आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |

30/12/24

क्रमश:2 .....

13. कर्मचारी इसे लिखित परीक्षा की तैयारी की सूचना समझें | कभी भी अल्प समय की सूचना पर लिखित परीक्षा सम्पन्न करायी जा सकती है |
14. कर्मचारी अपना आवेदन पत्र दिनांक 30.01.2025 तक अपने नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक को जमा करें एवं नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्रों को दिनांक 05.02.2025 तक इस कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें | इसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |
15. नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ सभी सम्बंधित लेवल-01(ग्रेड पे 1800) के कर्मचारियों को इस अधिसूचना को नोट कराना एवं इसका व्यापक प्रचार- प्रसार कराना सुनिश्चित करें |

उपरोक्त पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है |

संलग्न-आवेदन पत्र का प्रोफार्मा ।

(गोपाल प्रसाद गुप्ता)
वकाधि/मुख्यालय
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-
1.महाप्रबंधक / सतर्कता कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
2,सचिव /महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक ,पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
3. कार्यकुशलता अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
4.जॉच अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
5.विधिअधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
6.महामंत्री /एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
7.महामंत्री /आल इण्डिया ओ.बी.सी., एस.सी./ एस.टी. रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन/गोरखपुर |
8.मुकार्याधि/गोपनीय अनुभाग /प्रमुकाधि कार्यालय ,गोरखपुर |
9.वेवसाईट प्रति /नोटिस बोर्ड |

कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

आवेदन का प्रारूप

फोटो

विषय :- प्रबंध विभाग के अधीन चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी (ग्रुप डी से ग्रुप सी) में 33-1/3%विभागीय पदोन्नति कोटे के अंतर्गत अवर लिपिक लेवल-02 (ग्रेड पे 1900) के रिक्त पदों को चयन के माध्यम से भरने के सम्बन्ध में |

सन्दर्भ :- महाप्रबंधक /कार्मिक गोरखपुर का अधिसूचना सं. सं० का/254/19/पदोन्नति /प्रबंध / ग्रुप 'डी' /VIII दिनांक 30.12.2024

****

महोदय,

प्राथी विभागीय पद के चयन में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र निम्नवत प्रस्तुत करता / करती हूँ :-

1.नाम(सर्वश्री/श्रीमती/कुमारी) .....
2.पिता/पति का नाम .....
3.समुदाय/ का नाम .....
(सामान्य/अजा/अजजा)
4.नियुक्ति तिथि .....
5.टी.एस.प्राप्ति तिथि .....
6.नियमितीकरण तिथि .....
8.पदनाम एवं लेवल .....
9:भविष्य निधि संख्या .....
10.कर्मचारी/एनपीएस .....
11.शैक्षणिक योग्यता(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) .....
12. टंकण अर्हता सम्बंधित घोषणा .....
13:मोबाइल संख्या .....

मैं प्रमाणित करता हूँ /करती हूँ कि उपरोक्त डी गयी सूचना /जानकारी सत्य है |यदि इसमें कोई असत्यता पायी जाती है तो मेरा /मेरे आवेदन को निरस्त कर दिया जाये |

दिनांक-.....
स्थान- .....

प्रार्थी

( )

नाम –
पदनाम –
कार्यालय –

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त कर्मचारी इस कार्यालय में कटऑफ तिथि से पहले आवेदन जमा किया है।

दिनांक :- .....
(नियंत्रण अधिकारी का हस्ताक्षर)

मुहर सहित

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सेवा विवरण इस कार्यालय में रखे गए सेवा रिकॉर्ड के अनुसार सही पाए गए हैं।

दिनांक:-.....

(कार्मिक अधिकारी/ कैडर के हस्ताक्षर)

मुहर सहित